# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-V

**दिनांक- 14.06.2026**

## मिशन शक्ति 5.0

## बच्चों को सुरक्षा और सशक्तिकरण का पाठ पढ़ा रही है बंथरा पुलिस

**थाना बंथरा पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत ग्राम नानमऊ थाना बंथरा लखनऊ में महिलाओं एवं बच्चो से सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, साइबर क्राइम, यूपी कॉप, गुड टच–बैड टच एवं यातायात के बारे में किया जागरूक।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक सराहनीय कदम है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजक/आयोजन स्थल**

- महिला उपनिरीक्षक सीमा सिंह, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट
- उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी स्वाति सिंह, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट
- ग्राम नानमऊ थाना बंथरा लखनऊ।

**प्रतिभाग-**

- ✓ महिला उपनिरीक्षक सीमा सिंह, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट।
- ✓ उपनिरीक्षक श्री रमेश चंद्र थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट।
- ✓ महिला आरक्षी स्वाति सिंह, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ मुख्य आरक्षी छत्रपाल सिंह, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ ग्राम नानमऊ थाना बंथरा में महिलाओं एवं बच्चो को जागरूक किया गया।

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत, दिनांक 14.06.2026 को ग्राम नानमऊ थाना बंथरा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चो एवं अध्यापकों को यातायात, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़ी पुलिस हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति सजग करना, उनमें कानूनी जागरूकता पैदा करना तथा उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। साइबर सुरक्षा के संदर्भ में, उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने, किसी अज्ञात व्यक्ति को ओटीपी (OTP) अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

ऑनलाइन लेन-देन के समय सावधानी बरतने के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए।महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076, 1090, 112, 181, 1930, 102, 108 की जानकारी दी गई ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही, उपस्थित बच्चों को गुड टच–बैड टच, पॉक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी शिक्षित किया गया।

## मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम: एक संक्षिप्त विवरण

यह एक जागरूकता कार्यक्रम है जो उत्तर प्रदेश पुलिस, विशेष रूप से लखनऊ कमिश्नरेट द्वारा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए चलाया जा रहा है। थाना बंथरा की पुलिस टीम ने प्राथमिक विद्यालय जहानाबाद में बच्चों को विभिन्न सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर शिक्षित किया।

## कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

1. **जागरूकता का प्रसार करना:**
   - महिलाओं और बच्चों को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों (जैसे यौन शोषण, उत्पीड़न, साइबर अपराध) के प्रति सजग और शिक्षित करना।
   - उन्हें "गुड टच-बैड टच" जैसी महत्वपूर्ण अवधारणाओं से अवगत कराना ताकि वे दुर्व्यवहार की पहचान कर सकें।
2. **कानूनी जानकारी एवं सहायता प्रणाली से अवगत कराना:**
   - पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन नंबर (जैसे 112, 1090, 181, 1076, 1930) के बारे में बताना ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद ली जा सके।
   - महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, और थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका के बारे में जानकारी देना।
   - पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) और महिला उत्पीड़न संबंधी कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना।
3. **साइबर सुरक्षा में शिक्षित करना:**
   - बढ़ते साइबर अपराधों के खतरों से बचाव के उपाय बताना।
   - ऑनलाइन धोखाधड़ी, OTP की सुरक्षा, और व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने के महत्व पर जोर देना।
4. **सशक्तिकरण को बढ़ावा देना:**
   - महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करके उन्हें सशक्त बनाना।
   - यह समझाना कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध की रिपोर्ट कर सकती हैं और कानून उनके साथ है।
5. **सहायता संरचना का निर्माण:**
   - जमीनी स्तर पर एक प्रभावी सहायता तंत्र विकसित करना, जिसमें थाना स्तर पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## निष्कर्ष-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान का लक्ष्य केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज की नींव रखना है। यह स्कूल स्तर से ही बच्चों को शिक्षित करके भविष्य में अपराधों को रोकने और एक जागरूक नागरिक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह पहल प्रशासन की संवेदनशीलता और सामाजिक दायित्व की एक सराहनीय मिसाल है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 14.06.2026**

**मिशन शक्ति 5.0-समाज की नई चेतना, साइबर सुरक्षा है अब हमारी जिम्मेदारी!"**

**थाना कृष्णानगर द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत टेक्निकल इंटर कॉलेज विजय नगर पर जाकर महिलाओं और बच्चों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, साइबर अपराध, यातायात और महिला कल्याण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर किया जागरूक।**

लखनऊ: उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही बहुप्रशंसित योजना **"मिशन शक्ति 5.0"** के तहत आज दिनांक **12 अक्टूबर 2025** को लखनऊ कमिश्नरेट के थाना कृष्णानगर मिशन शक्ति टीम द्वारा कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

मिशन शक्ति, उत्तर प्रदेश पुलिस की एक प्रमुख पहल, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसकी नवीनतम कड़ी, मिशन शक्ति 5.0, के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में, थाना कृष्णानगर क्षेत्रान्तर्गत टेक्निकल इंटर कॉलेज विजय नगर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**आयोजक/आयोजन स्थान -**

- महिला आरक्षी निशा शर्मा, थाना कृष्णानगर, कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला आरक्षी प्रियंका, थाना कृष्णानगर, कमिश्नरेट लखनऊ
- थाना कृष्णानगर क्षेत्रान्तर्गत टेक्निकल इंटर कॉलेज विजय नगर

**प्रतिभागी: -**

- महिला आरक्षी निशा शर्मा, थाना कृष्णानगर, कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला आरक्षी प्रियंका, थाना कृष्णानगर, कमिश्नरेट लखनऊ
- थाना कृष्णानगर क्षेत्रान्तर्गत टेक्निकल इंटर कॉलेज विजय नगर पर जाकर महिलाओ व बालिकाओ को जागरूक किया गया।

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:**

दिनांक 14.06.2026 को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत लखनऊ कमिश्नरेट के थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत टेक्निकल इंटर कॉलेज विजय नगर पर महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्राप्त करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया। इनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, वीमेन पावर लाइन-1090, इमरजेंसी सेवा-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर अपराध हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस सेवा-102 एवं इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा-108 के उपयोग एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

इसके अतिरिक्त थाना कृष्णानगर में संचालित महिला सुरक्षा केंद्र एवं महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली और उनकी उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा शिकायत की स्थिति में वे बिना किसी संकोच के पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे आने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का तत्काल उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

**मुख्य बिंदु:-**

- थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा टेक्निकल इंटर कॉलेज विजय नगर पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं महिला सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी दी गई।
- महिला सुरक्षा केंद्र एवं महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली से महिलाओं को अवगत कराया गया।
- महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।
- कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक कर महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

***"मिशन शक्ति 5.0-महिलाओं व बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा साइबर अपराधों से बचाव हेतु किया जागरूक।***

**दिनांक- 14.06.2026**

***थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा लोक सेवा आयोग के पास चौकी क्षेत्र पुरनिया थाना अलीगंज में महिलाओं ,बालिकाओं व छोटे बच्चों को पम्पलेट वितरण करके महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।***

महिला सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल, "मिशन शक्ति महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करता है जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, या किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण और पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है।

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

***मिशन शक्ति टीम थाना अलीगंज, जनपद लखनऊ***

- **उप निरीक्षक रविंद्र नाथ प्रजापति**
- **महिला आरक्षी शोभा**
- **महिला आरक्षी अंजनी**
- **महिला आरक्षी रूबी रानी**

***स्थान- लोक सेवा आयोग के पास चौकी क्षेत्र पुरनिया, थाना अलीगंज***

**प्रतिभाग-**

***मिशन शक्ति टीम थाना अलीगंज, जनपद लखनऊ***

- **उप निरीक्षक रविंद्र नाथ प्रजापति**
- **महिला आरक्षी शोभा**
- **महिला आरक्षी अंजनी**
- **महिला आरक्षी रूबी रानी**

***स्थान- थाना अलीगंज क्षेत्रान्तर्गत लोक सेवा आयोग के पास चौकी क्षेत्र पुरनिया, थाना अलीगंज में महिलाओ एवं बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया।***

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित **मिशन शक्ति फेज-05 अभियान** के अंतर्गत आज दिनांक **14.06.2026** को **थाना अलीगंज, कमिश्नरेट लखनऊ** की मिशन शक्ति टीम द्वारा **लोक सेवा आयोग के पास चौकी क्षेत्र पुरनिया** में महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान महिलाओं एवं बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य एवं महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे **112, 1090, 181, 1076** एवं अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को **महिला सशक्तिकरण**, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, यूपी कॉप एप एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया गया तथा **साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** की जानकारी दी गई।

महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लें एवं हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें।

### उद्देश्य:

1. **जागरूकता का प्रसार:** महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करना। इसमें नारी स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा और 'गुड टच-बैड टच' जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।
2. **मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका से परिचय कराना:** आम जनता, विशेष रूप से महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के कार्यों, उद्देश्यों और उपलब्ध सेवाओं (जैसे कानूनी सहायता, परामर्श, संरक्षण) की जानकारी देना ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर इनका लाभ उठा सकें।
3. **हेल्पलाइन सेवाओं का प्रचार-प्रसार:** महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न आपातकालीन और सहायता सेवाओं (जैसे 1090, 181, 112, 1098, 1930 आदि) के बारे में व्यापक पैमाने पर जानकारी पहुँचाना, ताकि संकट की स्थिति में तुरंत मदद ली जा सके।
4. **सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना:** एक ऐसे सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण का निर्माण करना जहाँ महिलाएं और बच्चे बिना किसी भय के अपना विकास कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।
5. **सामुदायिक सहभागिता:** एंटी-रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम के माध्यम से सीधे तौर पर समुदाय तक पहुँचकर, सुरक्षा और जागरूकता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

**"मिशन शक्ति 5.0-शिक्षित नारी, सशक्त समाज, मिशन शक्ति का यही प्रयास"**

**थाना माल क्षेत्र के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र थाना माल लखनऊ में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों,सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सिखाए आत्मरक्षा के प्रभावी तरीके।**

दिनांक 14.06.2026

**लखनऊ, दिनांक: 22 अक्टूबर, 2025** - पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के तहत थाना माल क्षेत्र में रविवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ, के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इस क्रम में, जनपद के 54 थानों पर **मिशन शक्ति केंद्र** स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समर्पित अधिकारियों (निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक) की नियुक्ति की गई है।

### *आयोजन/आयोजन स्थल-*

- ✓ म0उ0नि0 श्रीमती खुशबू यादव थाना माल कमि0 लखनऊ
- ✓ म0का0 नीलम द्वारा थाना **माल क्षेत्र**, लखनऊ के अंतर्गतग **मिशन शक्ति केन्द्र माल थाना माल लखनऊ** में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### आयोजक टीम-

- म0उ0नि0 श्रीमती खुशबू यादव थाना माल कमि0 लखनऊ
- म0का0 नीलम थाना माल कमि0 लखनऊ
- थाना माल के अन्य महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:-

थाना **माल क्षेत्र,** लखनऊ के अंतर्गत **मिशन शक्ति केन्द्र थाना माल लखनऊ** में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके **कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं** एवं **आत्मरक्षा के तरीकों** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं को क्रियाशील किया गया है, जिनमें महिला हेल्पलाइन, स्मार्ट सिटी कैमरे, और फील्ड पुलिस पेट्रोलिंग जैसे उपाय शामिल हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने के तरीकों पर शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देना

कार्यक्रम के दौरान टीम ने महिलाओं को बताया कि **उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु** कई प्रभावी सेवाएँ संचालित की जा रही हैं, जैसे:

- **1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन)**
- **181 (महिला हेल्पलाइन)**
- **112 (आपातकालीन सेवा)**
- **1098 (चाइल्डलाइन)**
- **1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)**
- **UP-COP मोबाइल ऐप** का उपयोग

इसके साथ ही **स्मार्ट सिटी कैमरे**, **फील्ड पेट्रोलिंग यूनिट**, एवं **एंटी रोमियो स्क्वॉड** के कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

महिलाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

## मुख्य जागरूकता बिंदु:-

1. महिलाओं को **आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता** के लिए प्रेरित किया गया।
2. **"गुड टच" और "बैड टच"** के माध्यम से संवेदनशील विषयों पर जागरूकता बढ़ाई गई।
3. **साइबर अपराधों से सुरक्षा** हेतु सावधानी और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई।
4. **बाल विवाह निषेध, महिला अधिकार एवं सरकारी योजनाओं** से संबंधित जानकारी दी गई।
5. उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता हेतु **पम्फलेट और जानकारी पत्रक वितरित किए गए।**

## उद्देश्य एवं महत्व-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास करा रहा है, बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रख रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

दिनांक- 14.06.2026

*मिशन शक्ति 5.0-जागरूकता ही कवच है, सुरक्षित हर पल, सशक्त हर भविष्य।*

*महिला थाना द्वितीय पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना बीकेटी क्षेत्र के चन्द्रिका देवी मंदिर तिराहे में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत बाल एवं महिला से सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, साइबर क्राइम एवं यूपी कॉप एप के बारे में किया जागरूक।*

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक सराहनीय कदम है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### आयोजक/आयोजन स्थल

*मिशन शक्ति टीम, महिला थाना द्वितीय लखनऊ कमिश्रेट*

- **म0का0 आंचल**
- **म0का0 प्रियंका**
- **का0 अमित कुमार**

**स्थान :चन्द्रिका देवी मंदिर तिराहे , थाना बीकेटी, जनपद लखनऊ**

### प्रतिभाग-

*मिशन शक्ति टीम, महिला थाना द्वितीय लखनऊ कमिश्रेट*

- **म0का0 आंचल**
- **म0का0 प्रियंका**
- **का0 अमित कुमार**

**स्थान : चन्द्रिका देवी मंदिर तिराहे, थाना बीकेटी, जनपद लखनऊ क्षेत्र बीकेटी में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक।**

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

**मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान** के अंतर्गत आज दिनांक **14.06.2026** को महिला थाना द्वितीय, कमिश्नरेट लखनऊ की टीम द्वारा चन्द्रिका देवी मंदिर तिराहे, **थाना बीकेटी क्षेत्र** में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओं को **महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों** के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न **पुलिस हेल्पलाइन नंबरों एवं आपातकालीन सेवाओं** के बारे में अवगत कराया गया। टीम द्वारा **112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 एवं 108 (स्वास्थ्य सेवाएं)** के महत्व एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को **महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केंद्र, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी सेवा तथा यूपी कॉप एप** के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

वर्तमान समय में बढ़ रहे **साइबर अपराधों** के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। टीम द्वारा **साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** की जानकारी देते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं डिजिटल भुगतान से संबंधित अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त महिलाओं को **मिशन शक्ति अभियान** के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न **कल्याणकारी एवं जनहितकारी योजनाओं** की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने जागरूकता अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## कार्यक्रम के उद्देश्य

**1. कानूनी जागरूकता**

महिलाओं को उन आचरणों एवं व्यवहारों की जानकारी दी गई जो अपराध की श्रेणी में आते हैं। उन्हें अपने अधिकारों एवं कानूनी सीमाओं के प्रति जागरूक किया गया ताकि वे आत्मरक्षा और न्याय की दिशा में सशक्त बन सकें।

**2. साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन जागरूकता**

महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। उन्हें यह समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें, और किसी भी ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

**3. सहायता केंद्रों की जानकारी**

थाना स्तर पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, एवं मिशन शक्ति केंद्र की उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि वे इन केंद्रों से सहायता, परामर्श एवं शिकायत दर्ज करने हेतु संपर्क कर सकती हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-991**
**दिनांक-14.06.2026**

**जोन- पूर्वी/थाना-विभूतिखण्ड**

- **श्रीमान पुलिस उपायुक्त पूर्वी सर्विलांस व थाना विभूतिखण्ड की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 02 नफर शातिर वांछित नकबजन/चोर को हिरासत पुलिस में लिया गया।**
- **अभियुक्तगण अपने साथियों के साथ मिलकर बन्द मकान/घरों/दुकानों की रेकी कर ताला तोड़कर अंदर से जेवरात व नगदी चोरी करते हैं।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का 04 लाख 50 हजार रूपये, 2 अदद मुड़े हुए कंगन पीली धातु के, 05 अदद टुकडे कंगन के पीली धातु के, 02 अदद अंगूठी पीली धातु, 02 अदद अंगूठी सफेद धातु, 04 अदद सफेद धातु के ईयर रिंग्स सफेद मोती लगे हुए बरामद किया गया।**

**01-संक्षिप्त विवरणः-**

थाना विभूतिखण्ड पर भिन्न-भिन्न तिथियों को नकबजनी के सम्बन्ध में अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग दर्ज हुए, जो क्रमशः इस प्रकार हैं कि दिनांक 06.05.2026 को मु0अ0सं0 0152/2026 धारा 305ए/331(4) बीएनएस, दिनांक 11.05.2026 को मु0अ0सं0 0157/2026 धारा 305ए बीएनएस, दिनांक 11.06.2026 को मु0अ0सं0 0195/2026 धारा 305ए/331(4)बीएनएस बनाम अज्ञात।

उक्त नकबजनी की घटना की गंभीरता के दृष्टिगत सफल अनावरण हेतु उच्चाधिकारीगण महोदय के निर्देशन में तत्काल टीमों का गठन किया गया, गठित टीमों द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी, टीम द्वारा टेक्निकल व मैनुअल प्रयासों से **दिनांक 12.06.2026 को नकबजनी कारित करने वाले 01 नफर शातिर वांछित अभियुक्त/नकबजन सत्तार खान जनपद संभल** को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था तथा चोरी का 01 लाख 50 हजार रुपया नगद बरामद किया गया था, अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में **आज दिनांक 14.06.2026** श्रीमान पुलिस उपायुक्त पूर्वी की सर्विलांस व थाना विभूतिखण्ड संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त अन्य वांछित अभियुक्त/नकबजन **1- कामिल पुत्र अमजद 2- हीरालाल वर्मा पुत्र श्री छत्रपाल** को **मैक्स अस्पताल के गेट नं0 03 के सामने क्रासिंग के पास थाना क्षेत्र विभूतिखण्ड** से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से **चोरी का 04 लाख 50 हजार रुपये व अन्य आभूषण** बरामद किये गये तथा घटना में संलिप्त अन्य वांछित अभियुक्तों की पतारसी सुरागरसी जारी है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम अपने साथियों के साथ मिलकर शहर के बन्द/निर्माणाधीन मकानों/दुकानों/होटलों पर नजर रख रहे थे।

मौका देखकर बन्द मकानों में घुसकर नगदी व जेवरात चोरी कर जनपद संभल भाग गये थे। दोबारा आज हम लोग चोरी करने के लिये फिर आए थे और रेकी में लगे थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। बरामदगी के आधार पर अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। पकड़े गये अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**02-अपराध का उद्देश्यः-**

अभियुक्तों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर शहर के बन्द/निर्माणाधीन मकानों/दुकानों/होटलों पर नजर रखी जाती है। मौका देखकर ताला तोड़कर मकानों/दुकानों/होटलों से नगदी, जेवरात व अन्य कीमती वस्तुएं चोरी कर लेते हैं, चोरी की वस्तुओं को राहगीरों को बेच देते हैं, जिससे मिले पैसों का आपस में बांट कर अपना शौक व नशा पूरा करते हैं।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—**

1. कामिल पुत्र अमजद नि0 ग्राम अकरौली, थाना बनियाठेर, जिला सम्भल उम्र 38 वर्ष,
2. हीरालाल वर्मा पुत्र श्री छत्रपाल नि0 ग्राम बैरीखेरा, थाना बनियाठेर, जिला सम्भल उम्र 19 वर्ष।

**04-बरामदगी का विवरण-**

- 04 लाख 50 हजार रुपये नकद
- 02 अदद मुड़े हुए कंगन पीली धातु के
- 05 अदद टुकड़े कंगन के पीली धातु के
- 02 अदद अंगूठी पीली धातु
- 02 अदद अंगूठी सफेद धातु
- 04 अदद सफेद धातु के ईयर रिंग्स सफेद मोती लगे हुए।

**05-अनावरित अभियोगों का विवरणः**

1. मु0अ0सं0 0152/2026 धारा 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ।
2. मु0अ0सं0 0157/2026 धारा 305ए/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ
3. मु0अ0सं0 0195/2026 धारा 305ए/331(4)/ 317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ

**06-अभियुक्त कामिल का आपराधिक इतिहास—**

1. मु0अ0सं0 1501/2019 धारा 34/380/411/454 भादवि, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
2. मु0अ0सं0 1540/2019 धारा 34/380/411/454 भादवि, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
3. मु0अ0सं0 1557/2019 धारा 34/380/411/454 भादवि, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
4. मु0अ0सं0 1687/2019 धारा 4/25 आयुध अधि. थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
5. मु0अ0सं0 1688/2019 धारा 411/414 भादवि, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
6. मु0अ0सं0 0197/2020 धारा 2/3 गैंग्स्टर एक्ट, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
7. मु0अ0सं0 0549/2023 धारा 380/411/454 भादवि, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
8. मु0अ0सं0 0550/2023 धारा 380/411/454 भादवि, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
9. मु0अ0सं0 0564/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद
10. मु0अ0सं0 0152/2026 धारा 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ
11. मु0अ0सं0 0157/2026 धारा 305ए/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ
12. मु0अ0सं0 0195/2026 धारा 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ

**07-अभियुक्त हीरालाल वर्मा का आपराधिक इतिहास—**

1. मु0अ0सं0 0152/2026 धारा 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ
2. मु0अ0सं0 0157/2026 धारा 305ए/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ
3. मु0अ0सं0 0195/2026 धारा 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ

**08-गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

| श्रीमान पुलिस उपायुक्त पूर्वी सर्विलासं टीम | थाना विभूतिखण्ड की पुलिस टीम |
|---|---|
| 1. उ.नि. श्री अमरनाथ चौरसिया<br>2. हे.कां. संदीप पाण्डेय<br>3. हे.कां. अमित कुमार सिंह<br>4. कां. शिवानन्द खरवाल<br>5. कां. अजय यादव<br>6. कां. तरनजीत सिंह<br>7. कां. प्रदीप कुमार<br>8. कां. विमल कुमार<br>9. कां. दलवीर सिंह | 1. उ0नि0 श्री शिवम कुमार<br>2. उ0नि0 श्री अंकित उपाध्याय<br>3. उ0नि0 श्री राजू पाण्डेय<br>4. उ0नि0 श्री गौरव कुमार<br>5. का0 संदीप कुमार<br>6. कां0 विकास चौबे |

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-992**
**दिनांक-14.06.2026**

*जोन- दक्षिणी/ थाना-सुशान्त गोल्फ सिटी*

➢ **थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा नाबालिग लडकी को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाने वाला 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-कार्यवाही विवरणः-**

श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर व श्रीमान संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय श्रीमती अपर्णा कुमार के निर्देशानुसार महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) श्री अमित कुमार आनन्द के कुशल पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) श्री रल्लापल्ली वसंथ कुमार व सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज श्री ऋषभ यादव के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सुशान्त गोल्फ सिटी श्री राजीव रंजन उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले जाने वाला 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**02-संक्षिप्त विवरण-**

**दिनांक 02.12.2025 को वादी मुकदमा द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी बावत** वादी की नाबालिग पुत्री को धनुष निवासी छत्तीसगढ़ नामक व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में दिया गया।

**उपरोक्त सूचना के आधार पर तत्काल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ मे मु0अ0सं0-** 972/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस **विपक्षी धनुष** निवासी छत्तीसगढ़, **के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है।**

**उपरोक्त घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपायुक्त, दक्षिणी के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया** तत्पश्चात **टेक्निकल एवं मैनुएल व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों** के आधार व मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम मस्तेमऊ के निकट दबिश देकर अभियुक्त धनुष साहू पुत्र रामअवतार साहू नि0 ग्राम म0नं0 40 वार्ड नं0 13 तिलईभांठ थाना कुंडा जनपद कवर्धा महली (कबीरधाम) छत्तीसगढ़ प्रान्त उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार कर उपरोक्त मुकदमे से अवगत कराते हुये हिरासत पुलिस लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**03-पूछताछ विवरण एंव माड्यूस आपरेंडी-**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब मै पहले लखनऊ में पिन्टल पार्क में काम करता था। वहीं पर शिव कैलाश भी मेरे साथ में ही काम करते थे। जिनके यहाँ पिंटल पार्क सिटी में मेरा आना जाना हो गया था। इसी दौरान शिव कैलाश की पुत्री से मेरे प्रेम सम्बन्ध हो गये थे। दिनांक 29.11.2025 को मैं मौका पाकर शिव कैलाश की पुत्री को अपने साथ शादी करने के उद्देश्य से लखनऊ से अपने गाँव लेकर चला गया था। तभी हमको पता चला कि पुलिस हम लोगों को ढूंढ़ रही है। तब से मैं पकड़े जाने के डर से लखनऊ नही आया था। लेकिन मुझे वहां कोई काम धाम नही मिलने से पैसे की तंगी भी हो गयी थी तो मै फिर से काम की तलाश में लखनऊ आया था और काम की तलाश में ही घूम रहा था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

**04-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. धनुष साहू पुत्र रामअवतार साहू नि0 ग्राम म0नं0 40 वार्ड नं0 13 तिलईभांठ थाना कुंडा जनपद कवर्धा महली (कबीरधाम) छत्तीसगढ़ प्रान्त उम्र करीब 19 वर्ष (व्यवसाय- मजदूरी)

**05-अनावरित अभियोग का विवरण-**

1. **मु0अ0सं0-** 972/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस **थाना सुशान्त गोल्फ सिटी कमिश्नरेट लखनऊ।**

**06-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

- **थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम, कमिश्नरेट लखनऊ।**

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-990**
**दिनांक-14.06.2026**

## जोन-पूर्वी/थाना-चिनहट

- **वादी के नाबालिग पुत्र को बहला फुसलाकर छल पूर्वक घर से चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार तथा 02 बाल आपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया।**
- **जिनके कब्जे से चोरी के 01 अदद कान की बाली ,01 जोडी झुमकी ,01 अदद चेन,01 अदद मोबाइल 01 लाख रुपये नगद बरामद किया गया।**

**01-सक्षिप्त विवरण-**

थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-309/26 धारा-318(4)/319(2)/351(3) बी0एन0एस0 बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में अभियुक्त 01.सुधांशु यादव पुत्र महेन्द्र कुमार यादव निवासी कमालपुर सिरसा थाना इटौजा लखनऊ हाल पता धौकलपुर थाना चिनहट लखनऊ उम्र करीब 21वर्ष 02.लकी यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी ग्राम कंचनपुर मटियारी थाना चिनहट लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष लगभग को पैरामाउन्ट स्कूल हरदासी खेडा के पास खाली मैदान के पास से गिफ्तार किया गया व 02 नफर बाल आपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। जिनके कब्जे से चोरी के 01 अदद कान की बाली ,01 जोडी झुमकी ,01अदद चेन, 01 अदद मोबाइल, 01लाख रुपये नगद बरामद किया गया। जिनको हिरासत पुलिस में लेकर गिरफ्तार/संरक्षण में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**02- कार्यवाही का विवरण-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 09.06.2026 को वादी मुकदमा राजेश प्रसाद पुत्र निवासी संगमसिटी कालोनी निकट कोहिनूर बिल्डिंग थाना चिनहट लखनऊ के द्वारा विपक्षीगण द्वारा वादी के नाबालिग पुत्र को बहला फुसलाकर छल पूर्वक घर के सोने चाँदी के आभूषण हड़प लेने व सोनार के पास बेच देने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने विषयक संबन्ध में मु0अ0सं0-309/26 धारा 318(4)/319(2)/351(3) बी0एन0एस0 बीएनएस बनाम-01.संतोष तिवारी 2. आदित्य तिवारी 3. मीना ज्वैलर्स (दुकान) 4.आदित्य तिवारी के मामा नाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 संजीव कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक चिनहट द्वारा तत्तकाल टीम का गठन किया गया । गठन टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटैज का अवलोकन किया गया। तथा गठित टीम द्वारा आज दिनांक-14.06.2026 को प्रकाश/नामजद अभियुक्तगण 01.सुधांशु यादव पुत्र महेन्द्र कुमार यादव 02.लकी यादव पुत्र शिवकुमार यादव उपरोक्त को पैरामाउन्ट स्कूल हरदासी खेडा के पास खाली मैदान के पास से गिफ्तार किया गया व 02 नफर बाल आपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया।

जिनके कब्जे से चोरी के 01 अदद कान की बाली ,01 जोडी झुमकी ,01 अदद चेन,01 अदद मोबाइल 01 लाख रुपये नगद बरामद किया गया। जिनको हिरासत पुलिस में लेकर गिरफ्तार/संरक्षण में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी के आधार पर विवेचक उपरोक्त द्वारा धारा-303(2)/317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गयी । अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

**03- गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01-सुधांशु यादव पुत्र महेन्द्र कुमार यादव निवासी कमालपुर सिरसा थाना इटौजा लखनऊ हाल पता धौकलपुर थाना चिनहट लखनऊ उम्र करीब 21 वर्ष

02-लकी यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी ग्राम कंचनपुर मटियारी थाना चिनहट लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष

03-02 बाल आपचारी

**04-पंजीकृत/अनावरित अभियोग का विवरण-**

01-मु0अ0सं0 309/26 धारा 318(4)/319(2)/351(3)/303(2)/317(2)बी0एन0एस0 थाना चिनहट लखनऊ।

**05-अभियुक्त लकी यादव उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः**

**01.**मु0अ0सं0-399/24 धारा 115(2)/118(1)/351(2) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ

**नोट-** अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थाना/इकाई/जनपदों से जानकारी की जा रही है।

**06. बरामदः-**

- 01 अदद कान की बाली
- 01 जोडी झुमकी ,
- 01 अदद चेन,
- 01 अदद मोबाइल
- 01 लाख रुपये नगद बरामद।

**07- गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

01.उ0नि0 संजीव कुमार थाना चिनहट जनपद लखनऊ

02.उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार राय थाना चिनहट जनपद लखनऊ

03.उ0नि0 विशाल यादव थाना चिनहट जनपद लखनऊ

04.हे0का0 अरूण कुमार थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

05.का0 विनय शुक्ला थाना चिनहट जनपद लखनऊ